


# लामडिंग दर्पण

## पूर्वोत्तर सीमा रेल, लामडिंग मंडल

वर्ष 3 | अंक 12 | अक्टूबर-दिसम्बर 2012

## मंडल रेल प्रबंधक का संदेश

पूर्वोत्तर सीमा रेल के लामडिंग मंडल का रेल नेटवर्क विषम भौगोलिक क्षेत्र में फैला हुआ है। मंडल अपने बड़ी लाइन तथा मीटर लाइन के नेटवर्क के माध्यम से क्षेत्र की जनता को उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए वचन-वद्ध है। इस दिशा में हम अपने सम्मानित ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने एवं उनके सुख-साधन में वृद्धि लाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं।

मंडल में गाड़ियों के समयपालन में पर्याप्त सुधार लाकर यातायात को सुगम बनाया जा रहा है। मीटर लाइन के रेल नेटवर्क के अंतर्गत आनेवाले क्षेत्रों की जनता की सुविधा में विस्तार के लिए यद्यपि आमान परिवर्तन का कार्य प्रगति पर है फिर भी इस क्षेत्र के यात्रियों की आकांक्षाओं को साकार करने के लिए मंडल सतत प्रयासरत है। इस सेक्शन में गति प्रतिबंध में कमी लाकर, कानून-व्यवस्था में सुधार तथा विविध विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर मीटर लाइन के समय-पालन में अभूतपूर्व सुधार लाया गया है। इससे क्षेत्र की जनता में न केवल मंडल की छवि सुधरी है बल्कि हमने उनका विश्वास भी हासिल किया है। परिणामस्वरुप बड़ी लाइन के साथ-साथ मीटर लाइन के जरिए भी मंडल के अर्जन में लगातार वृद्धि हो रही है।

मंडल की तिमाही गतिविधियों की जानकारी के साथ-साथ राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार को गति प्रदान करने में मंडल की पत्रिका ''लामडिंग दर्पण'' की भूमिका काफी सराहनीय है। मैं इसके लगातार प्रकाशन की कामना करता हूँ।

**मंडल रेल प्रबंधक**

## अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी की कलम से.....

''लामडिंग दर्पण'' का 12वॉ अंक आपके हाथों में सौंपते हुए मुझे अपार हर्ष एवं गर्व की अनुभूति हो रही है। पत्रिका प्रकाशन राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार की एक कड़ी मात्र है, इससे कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा का प्रयोग करने की अभिरूचि जागृत होती है। हिंदी न केवल हमारी राष्ट्रभाषा है अपितु यह हमारी सांस्कृतिक एवं सामाजिक सभ्यता का आइना भी है। राजभाषा हिंदी हमारी राष्ट्र गौरव का प्रतीक है तथा अपने कार्यक्षेत्र में इसका प्रयोग बढ़ाकर हम सच्चे अर्थों में देश की सेवा कर सकते हैं।

अनेक उतार-चढ़ाव के बावजूद लामडिंग मंडल में राजभाषा हिंदी का प्रयोग-प्रसार निरंतर बढ़ रहा है। मंडल के स्टेशनों तथा कार्यालयों में प्रदर्शित किए जाने वाले सभी प्रकार की सूचनाएं द्विभाषी/त्रिभाषी रुप में प्रदर्शित कर राजभाषा नीति के अनुपालन के साथ हीं राजभाषा में यात्रियों को सुगम सूचनाएं उपलब्ध करवाने के लिए हम वचनवद्ध हैं।

मुझे आशा एवं विश्वास है कि राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में मंडल की गृह पत्रिका/बुलेटिन ''लामडिंग दर्पण'' सदैव सहायक होगी।

**अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी**

## महाप्रबंधक का वार्षिक निरीक्षण

मंडल का वार्षिक निरीक्षण 07 दिसम्बर 2012 को संपन्न हुआ। श्री आर. एस. विर्दी, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल ने रेल संरक्षा आयुक्त, पूर्वोत्तर क्षेत्र तथा प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों के साथ लामडिंग मंडल के जागीरोड-लामडिंग सेक्शन का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सेक्शन में मोड़, प्वाइंट, पुल, रेलपथ की गुणवत्ता, संरक्षा से संबंधित विषयों के साथ-साथ जागीरोड, धरमतुल, चापरमुख, होजाई तथा लंका स्टेशनों पर उपलब्ध यात्री सुविधाएं, स्टेशन परिसरों, स्वास्थ्य युनिटों, रेल कॉलोनियों आदि से संबंधित विविध मदों का गहन निरीक्षण किया तथा रेल यात्रियों एवं कर्मचारियों के सुख-साधन में सुधार संबंधी महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिए।



जागीरोड स्टेशन से निरीक्षण प्रारंभ करते हुए श्री आर. एस. विर्दी, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल तथा मुख्यालय एवं मंडल के पदाधिकारीगण।

सेक्शन में रेल कर्मियों के कार्यसंचालन तथा रेलवे के विविध मदों के अनुरक्षण से संतुष्ट होकर महाप्रबंधक महोदय ने मंडल को कुल चार लाख रुपए की धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान किए।

मंडल में अर्जन की दृष्टि से जागीरोड स्टेशन काफी महत्वपूर्ण है। यहॉ यात्री तथा माल अर्जन दोनों ही आय के प्रमुख स्रोत हैं। महाप्रबंधक महोदय द्वारा इस स्टेशन पर वी.आई.पी लाउंज तथा मर्चेट रुम का विधिवत उद्घाटन किया गया जिससे हमारे सम्मानित ग्राहको के सुख-साधन में विस्तार हुआ।

जागीरोड स्टेशन में वी.आई.पी. लाउंज तथा मर्चेट रुम का उद्घाटन करते हुए श्री आर. एस. विर्दी, महाप्रबंधक, श्री टी. गुप्ता, प्रमुख मुख्य इंजीनियर, मुख्यालय एवं श्री राकेश गोयल, मंडल रेल प्रबंधक, लामडिंग



## महाप्रबंधक का वार्षिक निरीक्षण

होजाई जागीरोड-लामडिंग सेक्शन का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। इस स्टेशन का यात्री तथा माल अर्जन औसत प्रतिदिन लगभग ₹ 2.5 लाख है। स्टेशन परिसर में रेल यात्रियों की विविध सुविधाओं में विस्तार करने के लिए रेलवे वचन-वद्ध है।



होजाई में पैदल पुल का उद्घाटन करते हुए श्री आर. एस. विर्दी, महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल तथा अन्य पदाधिकारीगण।

स्टेशनों पर यात्री सुलभ सुविधाएं जैसे पैदल पुल, उच्च स्तर का यात्री प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया का विस्तार, प्रतीक्षालय, विश्रामालय तथा अतिरिक्त अनारक्षित टिकट प्रणाली काउंटर का निर्माण इस दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है।




अतिरिक्त अनारक्षित टिकट प्रणाली के भवन में श्री आर. एस. विर्दी, महाप्रबंधक तथा मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण।

लामडिंग जंक्शन मंडल का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। एक ओर बड़ी लाइन की गाड़ियॉ इस स्टेशन से होकर तिनसुकिया तथा गुवाहाटी को जाती हैं वहीं दूसरी ओर मीटर लाइन की गाड़ियॉ यहॉ से सिलचर तथा अगरतला जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों के लिए आवागमन करती हैं। स्टेशन के अंतर्पाशन प्रणाली को अद्यतन करने के उद्देश्य से विद्युतीकृत अंतर्पाशन प्रणाली स्थापित किया जा रहा है।



विद्युतीकृत अंतर्पाशन भवन में प्रदर्शित रेखाचित्र का अवलोकन करते हुए श्री आर. एस. विर्दी, महाप्रबंधक तथा मुख्यालय एवं मंडल के पदाधिकारीगण।

## रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम

महाप्रबंधक के वार्षिक निरीक्षण के संध्या पर लामडिंग स्थित दयांग अधिकारी क्लब में लामडिंग, डिफू एवं अगरतला की टीम ने एक रंगा-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।



लामडिंग दयांग अधिकारी क्लब में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनोरम झाकियां।

## सराईघाट ब्रिज का 50वां गौरवपूर्ण वर्ष

असम के लोगों द्वारा अथक संघर्ष के बाद ब्रह्मपुत्र नदी पर 1962 में बना सराईघाट पुल न केवल इस क्षेत्र को संपूर्ण देश से जोड़ता है वल्कि यह पूर्वोत्तर के सात महत्वपूर्ण राज्यों के बीच एक कड़ी का कार्य करता है। सराईघाट पुल रेल सह सड़क यातायात की सेवा प्रदान करते हुए अपना 50वां गौरवपूर्ण वर्ष पूरा किया है। माननीय राज्यपाल, माननीय मुख्यमंत्री, असम, सदस्य इंजीनियरी, रेलवे बोर्ड तथा महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल की उपस्थिति में 06 नवम्बर 2012 को सराईघाट पुल के स्वर्ण जयंती समारोह का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया।



सराईघाट ब्रिज के 50वां गौरवपूर्ण वर्ष के स्वर्ण जयंती समारोह के आयोजन का दृश्य।

## गुवाहाटी में पार्सल प्रबंधन प्रणाली का शुभारंभ

क्रिस की सहायता से 11 दिसम्बर 2012 को गुवाहाटी स्टेशन के पार्सल कार्यालय में पार्सल प्रबंधन प्रणाली की स्थापना की गई। पार्सल प्रबंधन के क्षेत्र में पूर्वोत्तर सीमा रेल का यह पहला पार्सल प्रबंधन प्रणाली है जो लामडिंग मंडल में स्थापित की गई। मंडल के डिमापुर स्टेशन में भी पार्सल प्रबंधन प्रणाली स्थापित करने की तैयारी है।



जीवन विकास का सिद्धांत है, स्थिर रहने का नहीं।

— जवाहर लाल नेहरू

## महाप्रबंधक - डिमापुर के दौरे पर

05 दिसम्बर 2012 को महाप्रबंधक, पू.सी.रेल ने मंडल के डिमापुर स्टेशन तथा परिसर में स्थापित कंप्यूटरीकृत यात्री आरक्षण प्रणाली का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने यात्रियों के सुख-साधन में उत्कृष्टता लाने के साथ-साथ प्रणाली में सुधार कर मंडल के अर्जन में वृद्धि लाने के महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

## अपर महाप्रबंधक द्वारा लामडिंग-लोवर हाफलंग मीटर लाइन सेक्शन का निरीक्षण

श्री विपिन झा, अपर महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर सीमा रेल ने श्री सतीश कोठारी अपर मंडल रेल प्रबंधक तथा निर्माण संगठन एवं ओपन लाइन के अधिकारियों के साथ 23 दिसम्बर 2012 को लामडिंग-लोवर हाफलंग मीटर लाइन सेक्शन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोवर हाफलंग स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुख-सुविधाएं, संरक्षा से संबंधित विषयों तथा यातायात के विविध मदों का गहन निरीक्षण किया।



अपर महाप्रबंधक द्वारा लामडिंग-लोवर हाफलंग मीटर लाइन सेक्शन के निरीक्षण का दृश्य

## बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का 56वां महा परिनिर्वाण दिवस

मंडल कार्यालय परिसर में 6 दिसम्बर 2012 को बाबा साहब डा. भीमराव आम्बेडकर का 56वां महा परिनिर्वाण दिवस का समारोहपूर्वक पालन किया गया। इस कार्यक्रम में मंडल के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मंडल के अधिकारियों तथा कर्मचारियों सहित संगठित यूनियनों के प्रतिनिधियों ने भी इस महान नेता को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।



बाबा साहब के 56वां महा परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर दीप प्रज्वलित करते हुए श्री राकेश गोयल, मंडल रेल प्रबंधक,लामडिंग

## अंतर मंडल वालीबॉल प्रतियोगिता

लामडिंग मंडल मुख्यालय के विवेकानन्द रेल स्टेडियम में 16 से 18 अक्टूबर 2012 तक अंतर मंडल वालीबॉल चम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पूर्वोत्तर सीमा रेल मुख्यालय, मालीगॉव सहित सभी पॉच मंडलों तथा डिब्रूगढ़ एवं न्यू बंगाईगॉव रेल कारखानों की टीमों ने प्रतियोगिता में सहभागिता किया। बेहतर प्रदर्शन करते हुए लामडिंग मंडल की टीम ने वालीबॉल चम्पियनशिप ट्राफी अपने नाम किया। प्रतियोगिता में मुख्यालय मालीगॉव की टीम रनर्स-अप रही।



लामडिंग मंडल में आयोजित अंतर मंडल वालीबॉल चम्पियनशिप प्रतियोगिता का दृश्य

## विश्व एड्स दिवस समारोह का आयोजन

01 दिसम्बर 2012 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर मंडल रेल अस्पताल, लामडिंग के तत्वावधान में मंडल मुख्यालय में एड्स जागरुकता के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रातःकाल एक मोटर साइकिल रेली का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ डॉ बी. आर. डेका, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, लामडिंग ने झंडी दिखा कर किया। कर्मचारियों को एड्स के प्रति जागरुक करने के लिए रेल अस्पताल, लामडिंग के लेक्चर हॉल में 'एड्स के प्रति जागरुकता' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया।



विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आयोजित रेली को झंडी दिखाते हुए डॉ बी. आर. डेका, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, लामडिंग

## समयपालन

गत वर्ष के समान अवधि की 83% तथा 26% की तुलना में दिसम्बर 2012 में मंडल के बी.जी. एवं एम.जी गाड़ियों का समयपालन क्रमशः 90% तथा 94% रहा। इस प्रकार मंडल में विशेषकर एम.जी गाड़ियों के समयपालन में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है।

दूसरों के अनुभवों से लाभ उठाने वाला बुद्धिमान होता है।

– जवाहर लाल नेहरू

## कौमी एकता सप्ताह का पालन

मंडल में 19 नवम्बर 2012 से 25 नवम्बर 2012 तक कौमी एकता सप्ताह का पालन किया गया। इस दौरान 19 नवम्बर, 2012 को मंडल कार्यालय परिसर में कौमी एकता के रूप में एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मंडल के सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने देश की एकता एवं अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने में अपने दायित्व का निर्वहन करने की प्रतिज्ञा ली।

## न्यू गुवाहाटी डीजल लोको शेड का स्वर्ण जयंती समारोह

22 अक्टूबर 2012 को न्यू गुवाहाटी डीजल लोकोशेड की स्थापना के 50 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में इस दिन से 12 दिसम्बर 2012 तक कुल 50 दिनों के विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम के साथ स्वर्ण जयन्ती समारोह मनाया गया।



स्वर्ण जयन्ती समारोह के अवसर पर न्यू गुवाहाटी डीजल लोकोशेड में श्री आर.एस. विर्दी, महाप्रबंधक, उनकी माताजी तथा मुख्यालय एवं मंडल के पदाधिकारीगण

## मंडल का अर्जन

### यात्री अर्जन

गत वर्ष की समान अवधि की तुलना में अक्टूबर–दिसम्बर 2012 के दौरान यात्रियों की संख्या में 527647 की वृद्धि होने के फलस्वरूप गत वर्ष के ₹ 86.08 करोड़ की तुलना में ₹ 91.35 करोड़ का अर्जन हुआ। इस प्रकार यात्री अर्जन में कुल ₹ 5.27 करोड़ की वृद्धि हुई है।

### माल अर्जन

मंडल में कोयला, खनिज तेल, बॉस, कागज आदि आय के प्रमुख स्रोत हैं। अक्टूबर–दिसम्बर 2012 के दौरान माल अर्जन से कुल ₹ 22.86 करोड़ की प्राप्ति हुई।

### अन्य कोचिंग अर्जन

गत वर्ष की समान अवधि की ₹ 12.04 करोड़ की तुलना में अक्टूबर–दिसम्बर 2012 में ₹ 18.14 करोड़ का अर्जन हुआ। इस प्रकार माल अर्जन में कुल ₹ 6.10 करोड़ की वृद्धि हुई।

### अन्य विविध अर्जन

अक्टूबर–दिसम्बर 2012 के दौरान इंजीनियरी के विविध प्राप्तियों सहित अन्य विविध प्राप्तियों से ₹ 2.08 करोड़ का अर्जन हुआ।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह का पालन

मंडल में 29 अक्टूबर 2012 से 02 नवम्बर 2012 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का पालन किया गया। इस अवसर पर 29 अक्टूबर को मंडल कार्यालय परिसर में एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। मंडल के प्रमुख स्थलों के साथ–साथ सभी स्टेशनों में पोस्टर एवं बैनर लगाए गए। सतर्कता संगठन द्वारा 31 अक्टूबर 2012 को मंडल कार्यालय परिसर में सतर्कता जागरूकता पर एक नुक्कड़ नाटक तथा 02 नवम्बर को 'सतर्कता जागरूकता' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया।



मंडल कार्यालय परिसर में आयोजित नुक्कड़ नाटक का एक दृश्य

## विविध गतिविधियां

**वार्षिक पेंशन अदालत :** मंडल में 17 दिसम्बर 2012 को वार्षिक पेंशन अदालत का आयोजन कर पेंशन के 54 लंबित मामलों का निपटारा किया गया।

**कार्मिक कल्याण :** मंडल में अक्टूबर–दिसम्बर 2012 की अवधि में समूह 'घ' में LARSGESS के तहत 79 उम्मीदवारों को रेल सेवा में नियुक्ति प्रदान की गई।
इस अवधि में अधिवर्षिता के आधार पर 97 तथा स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के कुल 03 मामलों का निपटान किया गया।




सेवानिवृति के लिए आयोजित निपटारा बैठक का दृश्य

**रेलवे भर्ती बोर्ड की एनटीपीसी परीक्षा का संचालन :** मंडल ने 02 दिसम्बर 2012 को गैर तकनीकी पपुलर कोटि ग्रेजुएट के लिए रेल भर्ती बोर्ड, गुवाहाटी द्वारा आयोजित प्रारंभिक लिखित परीक्षा का संचालन गुवाहाटी एवं लामडिंग के विभिन्न केंद्रों में सफलता पूर्वक संपन्न करवाए।

संरक्षक
राकेश गोयल
मंडल रेल प्रबंधक

मुख्य संपादक
सतीश कोठरी
अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी

संपादन एवं सहयोग
एस. पी. यादव
वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/समन्वय

आर. के. कोईरी
राजभाषा अधिकारी